6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण
G नगर
वर्ष 23 | अंक 223 | पृष्ठ : 16+6+16
मूल्य : चार रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शुक्रवार, 21 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष शुक्ल-प्रतिपदा
विक्रम संवत-2082

रिपोर्ट इलेक्ट्रिक तिपहिया बाजार में भारत दुनियाभर में अव्वल, 57 फीसदी सिर्फ देश में ही बिके...कारोबार

दिल्ली-एनसीआर

तैयारी

**अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन ने डीजीसीए के अधिकारियों के साथ नोएडा एयरपोर्ट पर की बैठक**

## नोएडा एयरपोर्ट को 30 तक मिल सकता है एयरोड्रम लाइसेंस

अमर उजाला ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही दिसंबर में कॉमर्शियल फ्लाइट शुरू करने के लिए कवायद तेज हो गई है। यूपी सरकार में अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन दीपक कुमार की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को रही उच्चस्तरीय बैठक में यह तय हो गया है कि 30 नवंबर तक एयरोड्रम लाइसेंस मिल जाएगा। इसके लिए 24 नवंबर को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सेफ्टी (बकास) संपूर्ण सेवाओं के लिए सुरक्षा जांच नोएडा एयरपोर्ट पर करेगा।

बृहस्पतिवार दोपहर में नोएडा एयरपोर्ट पर रही उच्चस्तरीय बैठक में यमुना प्राधिकरण के अलावा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड-नायल, महानिदेशक नागरिक उड्डयन- डीजीसीए, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) और बकास के अधिकारी भी शामिल रहे। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य एयरपोर्ट के कॉमर्शियल ऑपरेशन के लिए तैयार होने के लिए जरूरी सभी बिंदुओं पर विमर्श करना था। इस दौरान कुछ मुद्दे उठे जिनका निस्तारण कर दिया गया है। डीजीसीए दो दिन से अपना ट्रायल कर ही रहा है। सुरक्षा से जुड़े जो उपकरण नए आए हैं। उनकी भी टेस्टिंग डीजीसीए और बकास की टीमें कर रही हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा है कि एयरोड्रम लाइसेंस के लिए जो भी औपचारिकताएं हैं। उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्राथमिकता पर पूरा कर लिया जाए। तय किया गया कि बकास ट्रायल 24 नवंबर को करेगा। यह ट्रायल सफल रहा तो डीजीसीए एक सप्ताह के अंदर एयरोड्रम लाइसेंस देगा। एयरोड्रम लाइसेंस जारी होते ही एयरलाइंस अपनी टिकट बुकिंग जहां शुरू कर पाएंगीं। वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय को भी उद्घाटन की तारीख तय करने के लिए संपर्क किया जाएगा। बैठक के दौरान इंडिगो और अकासा एयर के अधिकारी भी मौजूद रहे। उनको भी अपनी तैयारियां तेज करने और उड़ानों को शुरू करने के लिए कहा गया है।



निरीक्षण करते अपर मुख्य सचिव। अमर उजाला

### अपर मुख्य सचिव ने देखा एयरपोर्ट पर काम

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने एयरपोर्ट पर अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर काम और उद्घाटन की तैयारियां देखीं। इस दौरान वह डोमेस्टिक और इंटरनेशनल दोनों ही लाउंज पर गए। कार्गो सेवा के लिए भी बन रहे हब के बारे में उन्होंने जानकारी ली।

### ग्रेनो से धार्मिक स्थलों के लिए चलेंगी बसें

**यमुना सिटी।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से धार्मिक महत्व के स्थलों सहित नोएडा, ग्रेनो और गाजियाबाद तक एसीब बसें चलाएगा। यूपीएसआरटीसी और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा प्रबंधन (एनआईए) के बीच इस बाबत करार हुआ। 15 दिसंबर से उड़ान शुरू होने के साथ-साथ इन रूटों पर बसें चलाने की योजना है। इसके लिए रूट तय कर दिए गए हैं। हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश समेत पड़ोसी राज्यों में भी बस मार्गों के साथ क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत कर रहा है। यात्रियों को निर्बाध और विश्वसनीय यात्रा प्रदान करने के लिए एनआईए ने अब यूपीएसआरटीसी के साथ समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्यूरो